(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

(घ) सी. एम. डी., एन. टी. सी. (म.प्र.) के पद को पहले से ही विज्ञापित कर दिया गया है तथा इस पद को शीघ्र भरने के लिए कार्रवाई की जा रही है ।

Financial irregularities and corruption in Syndicate Bank

*411. SHRI M. A. BABY : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to a report that appeared in the 'Free Press Journal', Bombay on the I 25th June, 1990 regarding financial irregularities and corruption in Syndicate Bank; and

(b) if so, what are the details in this regard and what action has been taken in the matter?

THE FINANCE MINISTER (PROF. MADHU DANDAVATE) ; (a) and (b) Yes, Sir. The article referred to alleged employment of Chairman & Managing Director's daughters in a firm assisted by the bank, discrimination in inquiries against bank executives and hiring of premises for the bank. This is being looked into.

Floating Hotel Project around Bombay

***412.** SHRI SUBRAMANIAN SWAMY : Will the Minister of TOURISM be pleased to state :

(a) whether the Department of Tourism has received any application from Maha rashtra Government for a floating hotel project around Bombay; and

(b) if so, what are the details thereof and what action has been taken there on ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI SATYA PAL MALIK) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

सूती धागे के मूल्य में असाधारण वृद्धि

*413. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्च 89 से मई 90 तक की अवधि के दौरान सूती धागे के मूल्यों मे 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस अवधि के दौरान सूती धागे से बने कपड़ों के मूल्य में वृद्धि की प्रतिशतता इससे कहीं अधिक है;

(ग) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान हथकरघों, विद्युत-चालित करघों द्वारा और मिल क्षेत्र द्वारा निर्मित सूती कपड़े के मूल्यों में कितनी वृद्धि हुई; और

(घ) क्या सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों द्वारा निर्मित कपड़े के मूल्यों में हुई वृद्धि को रोकने के लिए कोई कदम उठाये हैं; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्री, साथ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री शरद यादव) : (क) जबकि इस अवधि के दौरान हैंक यार्न की भारित औसत कीमत में लगभग 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई फिर भी कौंब यार्न भारित औसत कीमत में वृद्धि लगभग 8 प्रतिशत थी ।

(ख) और (ग) मार्च, 1989 से मई, 1990 तक की अवधि के दौरान थोक बिक्री कीमत सूचकांक में मिल निर्मित सूती कपड़े में लगभग 14 प्रतिशत, विद्युत करघा के लिए लगभग 25 प्रतिशत तथा हथकरघा सूती कपड़े के लिए लगभग 29 प्रतिशत थी । इसका आधार थोक बिक्री कीमत सूचकांक में शामिल सीमित आंकड़े हैं ।